हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 रोजाना 50 से अधिक बोर खनन भूमिजल का किया जा रहा दोहन!



09 मकान मालिक सहित 10 लोगों पर जुआ एक्ट तहत की गई कार्रवाई



पथरोटा नहर पर सजेगा घाट, चार दिन चलेगा आस्था का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



उत्तर प्रदेश और बिहार के मूल निवासियों के लिए छठ पर्व का उल्लास किसी बड़े उत्सव से कम नहीं है। स्थानीय स्तर पर इटारसी की पथरोटा नहर को छठ महापर्व के मुख्य घाट के रूप में सजाया जाता है, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। उत्तर भारतीय समुदाय के अधिवक्ता रघुवंश पांडेय के अनुसार, घाट की साफ-सफाई और नहर किनारे की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं।

इस चार दिवसीय महापर्व की शुरुआत 13 नवंबर से होगी, जिसके मुख्य पड़ाव इस प्रकार हैं।

नहाय-खाए (पहला दिन – 13 नवंबर) :

पर्व के पहले दिन स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण किया जाता है, जिससे तन और मन की शुद्धि होती है।

खरना / लोहंडा (दूसरा दिन – 14 नवंबर) :

इस दिन व्रतधारी पूरे दिन उपवास रखते हैं और शाम को गन्ने के रस या गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरुआत करते हैं।

संध्या अर्घ्य (तीसरा दिन – 15 नवंबर) :

इस दिन शाम को अस्तांचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। पथरोटा नहर तट पर सजे घाटों पर बांस की टोकरी में ठेकुआ, मौसमी फल और पूजन सामग्री लेकर व्रती महिलाएं जल में खड़े होकर सूर्यदेव को नमन करती हैं।

उदयाचल अर्घ्य व पारण (चौथा दिन 16 नवंबर) :

रमहापर्व के अंतिम दिन 16 नवंबर की सुबह उगते हुए सूर्य (उदयाचल सूर्य) को अर्घ्य दिया जाता है, जिसके बाद व्रती अन्न-जल ग्रहण कर अपना कठिन व्रत खोलते हैं और आशीर्वाद लेते हैं।

सूर्य की उपासनाः

यह पर्व प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम है। इसमें सूर्य देव को ऊर्जा, जीवन और स्वास्थ्य का देवता मानकर उनकी पूजा की जाती है।

विशेष अभियान के तहत 21, 22 नवंबर व 5, 6 दिसंबर को लगेंगे कैंप, जनवरी में होगा प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 नवंबर 2026 को निर्वाचक नामावली के एकजाई प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के साथ ही मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2026 को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिक निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने अथवा अन्य आवश्यक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे।

प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षण एवं निराकरण 28 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके पश्चात 4 जनवरी 2027 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। निर्धारित अवधि के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) शासकीय अवकाशों को छोड़कर अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे तथा मतदाताओं से निर्धारित आवेदन प्राप्त करेंगे। निर्वाचन संबंधी इस प्रक्रिया के अंतर्गत सभी पात्र नागरिकों से अपील है कि वे प्रारूप निर्वाचक नामावली में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नाम दर्ज कराने, संशोधन कराने अथवा किसी प्रकार की त्रुटि के संबंध में दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो निर्धारित समय-सीमा में संबंधित मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ अथवा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।

खबर संक्षेप

छठ पर्व पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

नर्मदापुरम। दीपावली और छठ पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे दो स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। ये ट्रेनें बेंगलुरु-बरौनी और उधना-बरौनी के बीच चलेंगी। दोनों का भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहराव रहेगा। गाड़ी संख्या 06587 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु-बरौनी स्पेशल ट्रेन 9 से 30 नवंबर तक हर सोमवार रात 11 बजे बेंगलुरु से रवाना होगी। यह बुधवार सुबह 8:40 बजे इटारसी पहुंचेगी और 8:50 बजे रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06588 बरौनी-बेंगलुरु छावनी स्पेशल ट्रेन 12 नवंबर से 3 दिसंबर तक हर गुरुवार रात 11 बजे बरौनी से चलेगी। यह शनिवार रात 12:50 बजे इटारसी पहुंचेगी और 1 बजे रवाना होगी।

पिपरिया में हत्या के मामले का हुआ खुलासा

नर्मदापुरम। पिपरिया के पास ग्राम खापरखेड़ा के मोगिया मोहल्ले में सड़क किनारे मिले 54 वर्षीय ओमकार उर्फ गोटू पटेल के शव का मामला हत्या का निकला। पुलिस के मुताबिक, दिवाली की रात शराब के नशे में संतोष ने लोहे के सब्बल से उनकी कनपटी पर वार कर दिया। जिससे ओमकार की मौत हो गई।

पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की भी की समीक्षा

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी जन समस्याएं, 41 आवेदनों पर की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं।



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 41 आवेदनों पर सुनवाई कर समस्याओं के समाधान की कार्यवाही की गई।

इस दौरान कलेक्टर ने वर्तमान में प्राप्त आवेदनों के साथ पूर्व में जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों द्वारा दर्ज की गई कार्यवाही का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

तकनीकी त्रुटियों का सुधार करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम ढाबा कला निवासी वर्षा यादव ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्हें विगत एक माह से लाड़ली बहना योजना की सहायता राशि प्राप्त नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को आवेदन का परीक्षण कर आवश्यक तकनीकी त्रुटियों में सुधार कराने तथा आवेदिका को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

ग्राम कोटगांव निवासी सुनीता ने गांव में शासकीय सड़क निर्माण के दौरान अतिक्रमण के कारण आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया। कलेक्टर ने मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत माखननगर को मौके पर जांच कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अन्य आवेदकों की समस्याओं को भी विस्तारपूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने और नागरिकों को उनकी समस्याओं के निराकरण में अनावश्यक विलंब न होने देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्युत विभाग द्वारा किये अर्थदंड की हुई शिकायत

इसी प्रकार ग्राम कोटगांव निवासी सुनीता ने गांव में शासकीय सड़क निर्माण के दौरान अतिक्रमण के कारण आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया। कलेक्टर ने मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत माखननगर को मौके पर जांच कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम मलोथर के एक अन्य आवेदक ने विद्युत विभाग द्वारा अनुचित तरीके से प्रकरण बनाकर अर्थदंड अधिरोपित किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की।

कार में आग लगने से मची अफरा-तफरी, कारण अज्ञात



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सोमवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे एसपी ऑफिस चौराहा पर वल्लभ विलास होटल के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार के अगले हिस्से यानी इंजन से ऊंची लपटें उठने लगीं। आग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही कोतवाली थाने से एसआई सुरेंद्र मालवीय, आरक्षक धर्मेंद्र, पूरन, गणेश और रोहित सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से कार का इंजन और डैशबोर्ड वाला हिस्सा जल गया। पुलिस के मुताबिक, कार स्विफ्ट डिजायर थी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP04TB 3029 है। कार में आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार, आग अज्ञात कारणों से लगी थी।

चोरों ने फायनेंस कंपनी के आफिस में बोला धावा

नर्मदापुरम। पिपरिया स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के बीवी गिरी वार्ड में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने भारत फाइनेंस कंपनी के ऑफिस को निशाना बनाया। चोरों ने ऑफिस के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान तिजोरी का ताला भी टूटा मिला। चोर ऑफिस में रखे दो टैबलेट लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ने डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की।

सीएमएचओ और डीपीओ ने जासलपुर टील आंगनबाड़ी केंद्र में वीएचएनडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) का निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत और डीपीओ आशीष सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र जासलपुर टील में आयोजित वीएचएनडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गर्भवती और धात्री महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, बच्चों के नियमित टीकाकरण, वजन-ऊंचाई मापन, पोषण स्तर की जांच और स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया गया। इस दौरान डीएचओ डॉ. सृजन सेंगर और सीडीपीओ प्रमोद गौर भी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने निर्देश दिए कि वीएचएनडी के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं का लाभ अनिवार्य रूप से दिया जाए। गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, समय पर टीकाकरण और कुपोषित बच्चों की पहचान कर उपचार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी और कुपोषण रोकथाम के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। अधिकारियों ने एएनएम द्वारा यूविन और अनमोल पोर्टल पर हितग्राहियों की एंट्री का भी निरीक्षण किया।

दीपावली के दूसरे दिन चला विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली के दूसरे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ट्रालियों से कचरा निकला। बाजार क्षेत्र में खासकर इंदिरा चौक, सतरस्ता, बस स्टैंड, नेहरू पार्क रोड के साथ ही समूचे वार्डों में चले स्वच्छता अभियान में नगरपालिका के कर्मचारी सफाई में लगे रहे।

स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में बाजार क्षेत्र सहित समूचे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान दीपावली के उपरांत निकले को



कचरों को तत्काल हटाया गया। उन्होंने बताया कि अभी कुछ स्थान शेष है जहां मंगलवार को साफ सफाई कराई जाएगी।

आज मंडी मुहूर्त, पूजन अर्चन के बाद शुरू होगी खरीददारी, सुबह 6 बजे खुलेंगे मंडी गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी। दीपावली पर्व के अवकाश के बाद कृषि उपज मंडी इटारसी में व्यापारिक गतिविधियों का पुनः शुभारंभ 11 नवंबर, बुधवार को विधिवत पूजन-अर्चन के साथ होने जा रहा है। मंडी प्रशासन और व्यापारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से तैयारियां पूरी कर ली हैं।

सुबह 10:50 बजे तौल कांटों का होगा पूजन

इटारसी मंडी के पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि महेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि दी ग्रेन एवं न्यू ग्रेन एंड ऑयल सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन इटारसी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि धनतेरस 6 नवंबर से स्थगित नीलामी कार्य को 11 नवंबर बुधवार से पुनः शुरू किया जाएगा। इस दिन प्रातः 10:50 बजे से 11:05 बजे के शुभ मुहूर्त में व्यापारी बंधु तौल कांटों की पूजा-अर्चना कर व्यापार का शुभारंभ करेंगे।

शुभ मुहूर्त की पूजा और धना खरीदी फिर नीलामी

मंडी प्रांगण में सुबह शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजन और परंपरागत धना खरीदी (शगुन की खरीदी) संपन्न की जाएगी। इसके तुरंत बाद मंडी में कृषि उपज का घोष विक्रय (बोली लगाना) और नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

किसानों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश

10 की रात से पहुंचे किसान : सुबह जल्दी नंबर लगवाने के उद्देश्य से किसान बंधु 10 नवंबर की रात से ही मंडी परिसर में पहुंचना शुरू कर दें।

सुबह 6 बजे खुलेगा गेट : मंडी प्रबंधन द्वारा ट्रालियों को प्रांगण के भीतर प्रवेश देने की प्रक्रिया 11 नवंबर को प्रातः 6 बजे से शुरू कर दी जाएगी। व्यापारी एसोसिएशन एवं मंडी समिति ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे अपनी सुविधा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक मात्रा में अपनी कृषि उपज विक्रय हेतु लेकर आएं।

कलेक्टर ने आर्ष गुरुकुल गौशाला पहुंच कर की गौ सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप प्रदेशभर में दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजन का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले की शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नर्मदापुरम स्थित आर्ष गुरुकुल की गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से गायों का पूजन किया तथा उन्हें हरी घास, गुड़ एवं पशु आहार खिलाकर गौ सेवा की। उन्होंने संपूर्ण गौशाला का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं गोवंश के रखरखाव की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने गौशाला में गौवंश को उपलब्ध कराए जा रहे पशुआहार आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग एवं गौशाला संचालक से शासन द्वारा गौशालाओं को उपलब्ध कराए जा रहे अनुदान के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

जिले भर में मनाया गया गौवर्धन पूजन का महापर्व

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने की गो-पूजा, दीपावली के दूसरे दिन गो-माता का किया श्रृंगार, प्राकृतिक रंगों से सजाई गईं गायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सनातन परंपरा और संस्कृति का सम्मान करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा दीपावली के दूसरे दिन भक्तिभाव के साथ गो-पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान गो-माता को स्नान कराकर पारंपरिक रीति-रिवाज से उनका श्रृंगार किया गया और विशेष भोग लगाया गया।

गो-संरक्षण और संवर्धन हमारी संस्कृतिःनपाध्यक्ष

पूजा-अर्चना के बाद नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा, हमारे सनातन धर्म में गो-माता के संरक्षण और संवर्धन की समृद्ध परंपरा रही है। उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज गो-माता को नहलाकर और सजाकर उनकी विधि-विधान से पूजा की गई है। गो-माता के श्रृंगार के लिए प्राचीन अनोखी और प्राकृतिक विधि अपनाई गई। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने बताया कि गायों को आकर्षक रूप देने और रंगने के लिए आलू, बैंगन और भिंडी को काटकर विशेष सांचे तैयार किए गए थे, प्राकृतिक रंगों के माध्यम से गायों पर सुंदर आकृतियां बनाई गईं। पारंपरिक रूप से उन्हें बिदकाया भी गया। इस दौरान महेंद्र यादव ने गो-माता की सेवा और सजावट में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से पारंपरिक 'गंठ-गठीले' तैयार कर गायों को सजाया और सनातन परंपरा के प्रति अपना समर्पण व्यक्त किया। इस दौरान कपिल चौहान, राहुल चौरे, पंडित जी, संजीव खापरे आदि उपस्थित रहे।

विधायक ने किया श्रीजी कृपा गौशाला में गोवर्धन व गौपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्रीजी कृपा गौशाला में गोवर्धन पूजा एवं गौपूजन का कार्यक्रम हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में आयोजित किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम के विधायक एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर गौमाता और गोवर्धन भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। संबोधित करते हुए गौसंवर्धन, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति में गौमाता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल एक धार्मिक कार्य नहीं है, बल्कि यह हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण का मुख्य आधार भी है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समर्पित गौसेवक तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

डी.ए. एरियर भुगतान की मांग को लेकर धरना जारी



बैतूल/घोड़ाडोंगरी। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ घोड़ाडोंगरी द्वारा लंबित डी.ए. (महंगाई भत्ता) एरियर भुगतान की मांग एवं शिक्षक संवर्ग की अन्य लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर आज द्वितीय दिवस भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा। संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि शिक्षकों के लंबित डी.ए. एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए। लंबे समय से लंबित भुगतान के कारण शिक्षक साथियों में असंतोष व्याप्त है। अपने ही अधिकारों के लिए शिक्षकों को धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। संघ का स्पष्ट मत है कि डी.ए. एरियर कोई अनुग्रह राशि नहीं, बल्कि शिक्षकों का वैधानिक आर्थिक अधिकार है। इसके लिए अनावश्यक विलंब उचित नहीं है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ घोड़ाडोंगरी ने संकल्प व्यक्त किया कि जब तक शिक्षकों की जायज मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती और लंबित भुगतान का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। मुख्य रूप से राजेश गंगारे, दशरथ धुर्वे, हेमराज बेले, ज्ञानसिंह टेकाम इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

बैतूल में दिखा दुर्लभ बाम्बू पिट वाइपर



बैतूल। बैतूल के गऊठाना क्षेत्र स्थित वैष्णवी नगर में मंगलवार को दुर्लभ बाम्बू पिट वाइपर मिला। करीब चार साल बाद जिले में इस प्रजाति का सांप दिखाई दिया है। यह मजदूरी करने वाले जीवनलाल विश्वकर्मा के घर के बगीचे में नजर आया। सूचना मिलने पर सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा के मुताबिक, सांप करीब ढाई फीट लंबा था। देखने में यह सामान्य हरे सांप जैसा लगता है, लेकिन विषैला वाइपर है। विशाल ने बताया कि बैतूल जिले में इस प्रजाति का पिछला रेस्क्यू करीब 2021 या 2022 में हुआ था। उस समय शेख जमाल भाई ने इसका रेस्क्यू किया था। इसके बाद अब 2026 में यह फिर दिखाई दिया है। बाम्बू पिट वाइपर आमतौर पर घनी वनस्पति, बांस के झुरमुट, झाड़ग्गी और पेड़ों पर रहता है। इसका हरा रंग इसे पत्तियों के बीच छिपने में मदद करता है। यह मुख्य रूप से रात में सक्रिय रहता है और मेंढक, छिपकली सहित छोटे जीवों का शिकार करता है। यह विषैला सांप है। इसके काटने से तेज दर्द और सूजन हो सकती है। कुछ मामलों में खून के जमने की प्रक्रिया प्रभावित होने और रक्तस्राव जैसी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। इसे भारत के सबसे घातक सांपों में शामिल करना सही नहीं होगा, लेकिन इसका काटना चिकित्सकीय आपात स्थिति है। इसके विष पर सामान्य पॉलीवैलेंट एंटीवेनम की प्रभावशीलता भी सुनिश्चित नहीं है।

पूर्व विधायक विनोद डागा की पुण्यतिथि 12 नवंबर को



बैतूल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं बैतूल के पूर्व विधायक स्वर्गीय विनोद डागा की छठवीं पुण्यतिथि 12 नवंबर, गुरुवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर कोठी बाजार स्थित डागा हाउस में सुबह 10:30 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे तथा पुष्पांजलि देकर उनका स्मरण किया जाएगा। स्वर्गीय विनोद डागा ने राजनीतिक और सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। वे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सदस्य, अपेक्स बैंक के डायरेक्टर और केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहे। वर्ष 1998 में उन्होंने बैतूल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर विधायक का दायित्व संभाला था।

जिले में ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध नहीं, छलनी हो रही धरती

रोजाना 50 से अधिक बोर खनन भूमिजल का किया जा रहा दोहन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



मानसून की बेरुखी और समय से पहले विदाई के कारण जमीनी जलस्तर नहीं बढ़ पाया। इस वर्ष जिले में 27 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। जिले में 30 सितंबर तक औसतन 721.9 मिमी बारिश हुई है, जो पिछले साल की तुलना में कम है। लेकिन इसके बाद भी जिले में अब तक ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध नहीं लगाया है।

हालात यह है कि जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन आधा सैकड़ा से अधिक ट्यूबवेल खनन किये जा रहे है, जो जमीन को छननी कर रहे है। बोर खनन पर प्रतिबंध लगने की आशंका के चलते लोग जल्द से जल्द बोर कराने में जुटे है। जिससे आगामी गर्मी में पेयजल उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने बोर खनन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव तैयार कर कलेक्ट्रेट कार्यालय भेजा है। लेकिन इस संबंध में निर्णय लिया जाना अभी शेष है। यह बात अलग है कि गर्मी में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने जलाशयों में उपलब्ध पानी में से पेयजल के लिए आरक्षण किया गया है। लाखापुर जलाशय से बैतूल शहर के लिए पानी आरक्षित रखा है। बाकुड़ जलाशय से आठनेर नपा के लिए 1.20 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित किया गया है। शेष पानी की उपलब्धता के आधार पर सिंचाई के लिए जल दिया जाएगा।

जिले में इस वर्ष सिर्फ 722.1 मिमी बारिश

इस साल जिले में बारिश की स्थिति भी चिंताजनक रही है। 30 सितंबर तक जिले में औसत 721.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि तक 989.8 मिमी बारिश हुई थी। इस तरह इस साल करीब 267.9 मिमी यानी 27 प्रतिशत कम बारिश हुई है। यहां उल्लेखनीय है कि इस साल जिले के किसी भी ब्लॉक में सामान्य औसत बारिश तक पहुंचना तो दूर, 40 इंच भी बारिश किसी ब्लाक में नहीं हुई है। सिर्फ चिचोली ब्लाक में 38.10 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा घोड़ाडोंगरी में 35 इंच, मुलताई ब्लाक में 30 इंच, आठनेर में 16.40 इंच बारिश हुई है। जिला मुख्यालय बैतूल में लगभग 26 इंच बारिश दर्ज की गई। बाकी अन्य ब्लाकों में भी 24 से 29 इंच के बीच वर्षा हुई है।

ट्यूबवेल कराने की मची होड़

प्रतिबंध का आदेश जारी होने की आशंका के चलते लोग अभी से नलकूप खनन कराने में जुट गए हैं। सुबह से देर रात तक कई क्षेत्रों में बोरिंग मशीनों की आवाज सुनाई देने लगती है। बोरवेल यूनियन के सदस्यों ने बताया कि प्रतिबंध का आदेश जारी होने की आशंका के चलते लोग पहले ही नलकूप खनन कराने में जुटे है। बैतूल सीमा से लगे महाराष्ट्र में बोरिंग पर प्रतिबंध के चलते बैतूल में मशीनें उपलब्ध हो रही है। जिसके चलते धड़ल्ले से रात-दिन बोरिंग का काम किया जा रहा है। छोटी और बड़ी दोनों तरह की मशीनें लगातार काम कर रही है। स्थिति यह है कि जिले में प्रतिदिन करीब 50 बोर खनन किए जा रहे हैं। बोरिंग व्यवसाय से जुड़े कर्मचारियों के मुताबिक जिले में करीब 15 बड़ी और आधा दर्जन छोटी बोरिंग मशीनें संचालित हैं। उनका कहना है कि काम इतना बढ़ गया है कि कमीशन के आधार पर किराए की मशीन लेकर काम करने वाले छोटे संचालकों को भी आसानी से मशीनें उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। प्रतिबंध की आशंका के बीच लोग अपनी बारी जल्द आने के लिए संचालकों से संपर्क कर रहे हैं।

पानी की उपलब्धता को लेकर बढ़ी चिंता

वर्षाकाल समाप्त होने के बाद जलाशयों में भी पर्याप्त भराव नहीं होने से आगामी गर्मी में पानी की उपलब्धता को लेकर चिंता बनी हुई है। जल संसाधन विभाग के अनुसार अल्प वर्षा के कारण इस साल जिले में 43 जलाशय 81 से 100 प्रतिशत भरे हैं। वहीं 127 जलाशयों में 0 से 50 प्रतिशत, 23 जलाशयों में 51 से 78 प्रतिशत तथा 7 जलाशयों 71 से 80 प्रतिशत तक जलभराव बताया गया है। हालांकि आगामी गर्मी में पेयजल की मांग को देखते हुए प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जलाशयों में उपलब्ध पानी में से पेयजल के लिए भी आरक्षण किया गया है। लाखापुर जलाशय से बैतूल शहर के पेयजल के लिए पानी आरक्षित रखा गया है। वहीं बाकुड़ जलाशय से आठनेर नगरपालिका के पेयजल के लिए 1.20 मिलियन घनमीटर पानी आरक्षित है। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अप्रैल और मई में बढऩे वाली पानी की मांग के अनुसार विस्तृत तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

जिले के ब्लाक का जलस्त

विख	अक्टूबर 2025(मी.)	अक्टूबर 2026(मी.)
बैतूल	18.00	20.12
आमला	13.20	19.38
मुलताई	22.52	24.57
प्रभातपट्टन	22.24	25.96
भैंसदेही	20.00	19.51
आठनेर	20.00	17.45
चिचोली	19.00	15.30
भीमपुर	20.00	12.05
शाहपुर	18.00	26.50
घोड़ाडोंगरी	15.00	26.90
औसत	18.79	20.77

इनका कहना है

जिले में अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए हमनें बोर खनन पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव कलेक्ट्रेट कार्यालय भेज दिया है। खनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय कलेक्ट्रेट से होना है।

- रवि वर्मा, ईई, पीएचई बैतूल

बारदाने से भरे गोदाम में लगी भीषण आग



शाहपुर। शाहपुर से लगभग एक किलोमीटर दूर पतोआपुरा स्थित गोदाम में आग लग गई। जिससे गोदाम मालिक की बिल्डिंग को तो नुकसान हुआ और साथ में बारदाने जलने से व्यापारी को भी लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए लोग दमकल वाहन का इंतजार करते रहे, फिर भी दमकल वाहन शाहपुर में उपस्थित होने के बाद भी खराब स्थिति में पाई गई। दमकल वाहन नगर परिषद शाहपुर में जब से आई है, हमेशा उसकी स्थिति खराब रहती है। नगर परिषद अधिकारी शाहपुर ने बताया कि दमकल वाहन की स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, परंतु नई दमकल वाहन की व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है। नगर परिषद अधिकारी साहेबराव पंडाग्रे शाहपुर ने बताया कि उन्होंने फिलहाल की स्थिति के लिए फायरफाइटर को सुधरवाकर तैयार करके आग बुझाने के लिए तैयार कर लिया है। जिससे नगर में होने वाली आगजनी की घटना के लिए उचित व्यवस्था नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों और वार्डवासियों के द्वारा आग बुझाने के लिए टैंकरों से बाल्टियों में पानी भरकर पड़ोसियों के द्वारा अपनी छोटे मोटर पंप से आग बुझाने की कोशिश की गई। परंतु आग विकराल रूप ले चुकी थी और आग का आजू-बाजू में फैलने का खतरा बढ़ गया था। नगरवासियों का कहना है कि शाहपुर तहसील में दमकल वाहन का 24 घंटे उपस्थित रहना अति आवश्यक है, क्योंकि आगजनी की घटना कभी भी हो जाएगी तो नगर वासी उसे कैसे संभालेंगे।

आयुष विभाग में भगवान धन्वंतरि की मूर्ति की स्थापना



बैतूल। आयुष परिसर टिकारी में भगवान धन्वंतरि के अवतरण दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि की विधि-विधान एवं शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के साथ प्राण_ प्रतिष्ठा कर मूर्ति स्थापना की गई। कार्यक्रम में पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. दीपक कड़वे ने बताया कि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्ण हर्षोल्लास के साथ धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भंडारा एवं प्रसादी का वितरण भी किया गया। साथ ही जिले के समस्त आयुर्वेद औषधालयों में भगवान धन्वंतरि का पूजन-अर्चन कर उत्सव मनाया ।

जिला पंचायत सीईओ जायसवाल ने जन सुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गणेश जायसवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एसडीएम डॉ.अभिजीत सिंह ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

कुआं धसने से हुए नुकसान की जांच के निर्देशः जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम जामदेहीकला निवासी किशन यादव ने गन्ने की फसल काटने की धमकी दिए जाने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने आमला एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। प्रभातपट्टन तहसील के ग्राम वायगांव निवासी संतोष ने ई केवाईसी गलत किए जाने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने मुलताई एसडीएम को जांच कर समय सीमा में आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। आमला तहसील के ग्राम केहलपुर निवासी रवि बोबड़े ने खेत में खोदा गया कुआं धस जाने से हुए नुकसान की जांच कराकर शासन से मुआवजा राशि प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर उन्होंने आमला तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

अवैध कब्जा पाए जाने पर हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम खेड़ी सांवलीगढ़ के ग्रामीणों द्वारा ग्राम के प्रमुख जल स्त्रोत इमलीझिरा तालाब में मवेशियों को पानी पिलाने का रास्ता बंद किए जाने के संबंध में शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर उन्होंने जनपद सीईओ को जांच कर ग्रामीणों की समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। ग्राम पुरा बोरगांव निवासी अंजन पवार ने निजी भूमि पर मकान तोडक़र अवैध निर्माण करने तथा कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होंने आमला एसडीएम और नायब तहसीलदार को जांच कर नियम अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

त्रुटिपूर्ण बंटवारा सुधारने के लिए दिया आवेदन

गजपुर निवासी विनोद धुर्वे द्वारा त्रुटिपूर्ण बटवारा सुधारने के आवेदन पर उन्होंने बैतूल एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम सोनतलाई निवासी करण सिंह द्वारा जमीन के रिकॉर्ड की नकल नहीं मिलने के संबंध में दिए आवेदन पर उन्होंने आमला तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

शाहपुर में आस्था का विराट स्वरूप, 41 फीट के गोवर्धन पर्वत ने खींचा सबका ध्यान

विधायक गंगा उइके व जनप्रतिनिधियों ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



शाहपुर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर नगर परिषद ने 41 फीट के विशाल गोवर्धन पर्वत का निर्माण कराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार की गई इस पहल को देखने और पूजा-अर्चना करने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे।

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा उइके सहित नगर परिषद अध्यक्ष विक्की नायक, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती पम्मी छोटू राठौर, मनोनीत पार्षद अरुण तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव सहित अन्य पार्षदगण, नगर परिषद शाहपुर सीएमओ साहेबराव पंडाग्रे एवं वरिष्ठ नागरिकों ने एक साथ विधि-विधान से गोवर्धन पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। गोवर्धन पूजा कार्यक्रम को नगर के पंडित श्यामजी ने मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया। शाहपुर में 41 फीट के विशाल गोवर्धन पर्वत का निर्माण इस आयोजन की सबसे खास विशेषता रहा। नगर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी यह नजारा यादगार बन गया। उनका कहना था कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतने विशाल गोवर्धन पर्वत देखे हैं। इस अनूठी पहल ने वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा को भव्य स्वरूप देने के साथ लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुडऩे का अवसर दिया। घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार नगर परिषद के साथ मिलकर यह पहल की गई है। इसका उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोडऩा, गोवर्धन पूजा के धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व से परिचित कराना और नई पीढ़ी तक हमारी सांस्कृतिक विरासत पहुंचाना है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष विक्की नायक ने बताया कि नगरवासियों की कुछ अलग और अनूठा करने की इच्छा को देखते हुए 41 फीट के गोवर्धन पर्वत का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। परिषद का प्रयास है कि आने वाले वर्षों में इससे भी विशाल गोवर्धन पर्वत का निर्माण कराया जाए।

इतिहास का अनमोल खजाना देख सकेंगे लोग

बैतूल में लगेगी अनूठी 'दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी'



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला मुख्यालय पर इतिहास और पुरानी यादों को समेटे एक बेहद अनूठी और भव्य प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। बैतूल में पहली बार आयोजित हो रही इस 'दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी' में नागरिकों को इतिहास, कला और पुरानी संस्कृति से रूबरू होने का सुनहरा मौका मिलेगा। यह एक दिवसीय प्रदर्शनी आगामी 22 नवंबर (रविवार) को गंज रोड स्थित 'रामकृष्ण बगिया लान, सिविल लाइन, गंज, बैतूल' में आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी का समय सुबह 9:00 बजे से लेकर रात 9:00 बजे तक रहेगा। इस भव्य और अनूठे कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश सूर्यवंशी हैं। उन्होंने बताया यह प्रदर्शनी बैतूल जिले की अनूठी, ऐतिहासिक और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी होगी। इससे पहले कभी किसी ने ऐसी प्रदर्शनी नहीं देखी होगी।



प्रदर्शनी में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क

आयोजकों ने बताया कि आम जनता और इतिहास प्रेमियों के लिए इस ऐतिहासिक और दुर्लभ खजाने को देखने का प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है। इसके साथ ही, प्रदर्शनी में आने वाले लोगों के लिए खाने-पीने के लिए 'झुणका भाकर' का सशुल्क स्टॉल भी उपलब्ध रहेगा, जहां लोग पारंपरिक स्वाद का आनंद ले सकेंगे।

पुरानी वस्तुएं खरीदने और बेचने के लिए रहेगी उपलब्ध

इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां केवल वस्तुएं दिखाई नहीं जाएंगी, बल्कि एंटीक वस्तुओं के शौकीनों के लिए क्रय-विक्रय (खरीदने और बेचने) की उचित मूल्य पर सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यदि किसी नागरिक के पास कोई पुरानी या दुर्लभ वस्तु है, तो वे इसे यहां लाकर विशेषज्ञों को बेच सकते हैं या अपनी पसंद की वस्तुएं खरीद सकते हैं।

प्रदर्शनी में अपने स्टॉल लगा सकेंगे दुकानदार

यदि कोई व्यक्ति अपनी दुर्लभ वस्तुओं का प्रदर्शन या बिक्री करने के लिए स्टॉल लगाना चाहता है, तो उसके लिए सदस्यता शुल्क मात्र 1000/- (प्रति सदस्य, एक टेबल) तय किया गया है।

इतिहास का अनमोल खजाना होगा मुख्य आकर्षण

- प्रदर्शनी में देश-विदेश और विभिन्न कालखंडों की ऐसी दुर्लभ वस्तुएं प्रदर्शित की जाएगी, जिन्हें आज की पीढ़ी ने शायद ही कभी देखा हो। मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं:
- ऐतिहासिक मुद्राएं: मुगलकाल, ब्रिटिश काल, मराठा साम्राज्य और राजा-महाराजाओं के समय के दुर्लभ सिक्के और नोट। इसके अलावा आधुनिक भारत, विदेशी मुद्राएं, विशेष वेनिटी/फैंसी नंबर के नोट और मिस-प्रिंटेड (दुर्लभ त्रुटि वाले) सिक्के व नोट।
- विंटेज फोटोग्राफी उपकरण: पुराने जमाने के कैमरे, फ्लैश, लेंस, एलबम और प्राचीन प्रोजेक्टर।
- एनालॉग म्यूजिक सिस्टम: पुराने ग्रामोफोन, रिकॉर्ड प्लेयर, रेडियो, वी.सी.आर. और विंटेज दीवार घड़ियां।
- एंटीक लाइफस्टाइल सामग्रियां: राजा-महाराजाओं के समय के पुराने एंटीक बर्तन, स्याही-दवात, फाउंटेन पेन, पुरानी क्रॉकरी, लोहे की भारी तिजोरियां, प्राचीन ताले और पुराने टेलीफोन।
- अन्य दुर्लभ संकलन: दुर्लभ डाक टिकट (र ॅस्र२), पुरानी माचिस, लालटेन, दूरबीन, प्राचीन पुस्तकें, सहारनपुर की प्रसिद्ध नक्काशीदार कुर्सी-टेबल और बोनसाई पौधे।

संपर्क अभियान के तहत शिविरों का होगा आयोजन

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण किये जाने के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत जिले में 14 और 21 नवंबर को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल उत्तर संभाग के उप महाप्रबंधक ने बताया कि वितरण केंद्र आमला शहर के वार्ड-12 में 14 नवंबर, वार्ड-16 में 21 नवंबर को तथा आमला ग्रामीण के खारीगयावाणी में 14 नवंबर और जमदेहीखुर्द में 21 नवंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार अंबाड़ा के ग्राम देवठान में 14 नवंबर और हसलपुर में 21 नवंबर को, बेरदेही के हरन्या में 14 नवंबर और बिजोरी में 21 नवंबर को, खेडली बाजार के ग्राम बिसखान में 14 नवंबर और काठी में 21 नवंबर को शिविर आयोजित होगा। इसके अलावा चिचोली के फोनगरिया में 14 नवंबर और मालीपुरा में 21 नवंबर को, भीमपुर के ग्राम महदपुर में 14 नवंबर और खैरा में 21 नवंबर को शाहपुर के धापड़ा माल में 14 नवंबर और मेखा माल में 19 नवंबर को, घोड़ाडोंगरी के सुखाढाना में 14 नवंबर और फूलगोहान रैयत में 21 नवंबर को, सारणी के चंद्रशेखर वार्ड में 14 नवंबर और इंदिरा गांधी वार्ड में 21 नवंबर को तथा वितरण केंद्र चूनाहजूरी के बाल है माल में 14 नवंबर और आलमपुर में 21 नवंबर को शिविर आयोजित किया जाएगा।



जिले भर में मनाई गई दीपावली, सोमवार को हुई गोवर्धन जी की पूजन-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमाराकीभूमि पर विगत दिनों राधेश्याम गौ शाला भवन निर्माण कार्य किया गया है। जिसमें कुछ गौ वंश सड़कों पर बिचरती गौवंश को लेकर लगातार सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। दीपावली के दुसरे दिन गोवर्धन पर्वत उठाकर भगवान क्रषण ने रक्षा की थी। तभी से आज तक लगातार द्वापरयुग से आज कलयुग में भी लगातार सिलशिला चल रहा है। गो शाला में जाकर मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पनारी सरपंच प्रीतम सिंह पुरुविया खूबचंद रघुवंशी डापका सरपंच सचिव रोजगार सहायक पुरषोत्तम रघुवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी गोपाल दास दुदानी सहित अन्य सभी लोगों की तथा सरपंच पति राधेलाल रघुवंशी सचिव प्रकाश पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ग्राम वासियों की उपस्थिति में गोवर्धन पूजा अर्चना करने के बाद गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की गई।गौवंश का पुजन किया गया। उनके लिए भोजन कराकर सेवा की गई।

धूमधाम से मनाई दीपावली, श्री लक्ष्मी पूजन उपरांत की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

दीपपर्व दीपावली रविवार रात धूमधाम से आतिशबाजी व मां लक्ष्मी पूजन के साथ संपन्न हुआ। नागरिकों ने मुहूर्त में अपने निवास व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर मां लक्ष्मी व श्री गणेश का पूजन किया। विविध सामग्री से मां लक्ष्मी की पार्थिव प्रतिमाओं व चित्रों का अद्भुत श्रंगार कर सनातनियों ने पूजन किया। पूजन के बाद आतिशबाजी कर दीपावली पर्व का आनंद छोटे बड़े सभी उम्र के लोगों ने लिया। नागरिकों ने पूजन उपरांत एक दूसरे के निवास पर पहुंचकर आपस में शुभकामनाएं दी एवं परंपरा अनुसार मिष्ठान्न भी वितरित किया। दीपावली पर्व का सर्वाधिक आनंद बच्चों ने उठाया तथा देर रात तक आतिशबाजी की।



विधायक विजयपाल सिंह तथा नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल सहित अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को दीपपर्व की बधाई दी हैं। देर रात तक क्षेत्र में आतिशबाजी की धूम सुनाई देती रही।

नवपीढ़ी का सनातन से लगाव



दीपावली के पावन अवसर पर नई पीढ़ी का सनातन पद्धतियों व पुश्तैनी पारिवारिक व्यवसाय तथा कार्यों से लगाव देखने में आया। स्थानीय कई दुकानों व प्रतिष्ठानों पर संचालकों की उपस्थिति में उनके परिवारों की युवा पीढ़ी के बच्चों ने लक्ष्मी मां, वाहन, बही, यंत्र आदि का पूजन किया। नागरिकों ने नई पीढ़ी के सनातन संस्कृति के प्रति जुड़ाव व सम्मान को देख खुशी व्यक्त की है।

खबर संक्षेप

सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

सोहागपुर। नगर के बाजार में कमानिया गेट के समीप स्थित श्री दादा दरबार के पावन प्रांगण में आज धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर सेवक मंडल से प्राप्त जानकारी अनुसार दीपावली तथा भाईदूज के पावन पर्व पर आज सुंदरकांड पाठ एवं भजनांजलि आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आज 11 नवंबर 2026 को शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगा। श्री दादा दरबार कमानिया गेट के समस्त सेवकगण ने हनुमान जी भक्तों से आयोजन में उपस्थिति का आग्रह किया है।

जीवामृत, बीजामृत नीमास्त्र की दी जानकारी

नर्मदापुरम। पीकेवीवाई (PKVY) योजनांतर्गत उपसंचालक कृषि रविकांत सिंह के मार्गदर्शन में विकासखंड केसला के कृषकों के लिए द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था मार्क एग्री जेनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केसला विकासखंड के कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विकासखंड केसला के एडीओ कैलाश कुंभारे, एईओ दीपक कुमार चौरे, संस्था के प्रोजेक्ट हेड अखिलेश तिवारी एवं क्लस्टर इंचार्ज चेतन कुमार यादव उपस्थित रहे।

सोहागपुर शहर के मातापुरा में जुआ खेलते पकड़ाए जुंआरी

मकान मालिक सहित 10 लोगों पर जुआ एक्ट तहत की गई कार्रवाई

के मातापुरा में बंद कमरे में जुआं खेलते व्यक्तियों व मकान मालिक सहित कुल 10 लोगों पर जुआं एक्ट तहत कार्यवाही कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इस दौरान जुआंरियों को ताश के पत्तों के साथ हार-जीत का दांव लगाते हुए पुलिस ने पकड़ा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर के मातापुरा क्षेत्र में गत दिवस पुलिस ने जुआंरियों को ताश के पत्तों के साथ हार-जीत का दांव लगाते पकड़ा है। मामले में जुआं एक्ट के अंतर्गत जुंआरियों सहित मकान मालिक पर कार्रवाई की गई है। मामले में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने प्रेस नोट जारी किया है।

प्रेस नोट के अनुसार नर्मदापुरम् एसपी दीपक शुक्ला, एएसपी अभिषेक राजन व एसडीओपी सोहागपुर अरविंद शाह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में सोहागपुर पुलिस टीम ने जुआं रेड की कार्यवाही की। इस दौरान शहर के मातापुरा में बंद कमरे में जुआं खेलते व्यक्तियों व मकान मालिक सहित कुल 10 लोगों पर जुआं एक्ट तहत कार्यवाही कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। प्रेस नोट के अनुसार नौ नवंबर 2026 को मातापुरा वार्ड में भूरा प्रजापति के मकान के ऊपरी कमरे में ताश पत्तों के साथ जुआं खेला जा रहा था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की एवं जुआं खेलते लोगों को पकड़ा। पकड़े गए लोगों में कल्लू पिता परसादी लाल प्रजापति उम्र 38 साल मातापुरा, गोवर्धन पिता मानकलाल प्रजापति उम्र 40 साल मातापुरा, यशवंत पिता पप्पू प्रजापति उम्र 19 साल मातापुरा, किशोरी पिता खेमचंद्र प्रजापति उम्र 38 साल मातापुरा, वीरनलाल पिता दलपत प्रजापति उम्र 40 साल रामगंज, कृष्ण कुमार पिता रघुवीर अहिरवार उम्र 25 साल सुभाष वार्ड, गुड्डन साहू पिता मंजू साहू उम्र 29 साल निवासी मातापुरा, शेरु उर्फ जगदीश पिता गंगाराम कहार उम्र 35 साल मातापुरा, परसराम पिता मानकलाल प्रजापति उम्र 28 साल मातापुरा सोहागपुर के विरुद्ध 13 जुआं एक्ट तहत कार्यवाही की गई। वहीं मकान मालिक भूरा उर्फ भूरी पिता परसादी लाल प्रजापति उम्र 35 साल मातापुरा द्वारा अपने घर के कमरे को जुआंघर के रूप में चलाने पर उसके विरुद्ध तीन जुआं एक्ट तहत कार्यवाही की गई है।

10 आरोपियों से 30 हजार 200 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जप्तकर अपराध क्रमांक 700/2026 धारा 13, 3 जुआं एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त सभी 10 आरोपियों के विरुद्ध प्रथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए एसडीएम न्यायाय में पेश किया गया है।

अवैध पार्किंग की समस्या से परेशान हो रहे नागरिक

बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने हो रही अवैध पार्किंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर की सबसे सुंदर सड़क रोड एक्सीलेंट शहर को रेलवे स्टेशन से जोड़ती है। रोड किनारे बैंक व ग्राहक सुविधा केंद्र हैं। जिनके सामने अवैध पार्किंग से रोजाना नागरिक परेशान होते हैं।

मुख्य मार्ग पर रोजाना खड़े होते वाहन

नागरिकों के अनुसार रोड से लगे क्षेत्रों में बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने अवैध पार्किंग बड़ी समस्या बन गई है। मुख्य मार्ग पर रोजाना ग्राहक व कर्मचारी वाहन पार्क करते हैं। जिसके कारण बैंकिंग समय में नागरिक बहुत परेशान होते हैं। नागरिकों ने बताया कि कई बार बैंकों तथा ग्राहक सुविधा केंद्रों के सामने वाहनों के आने-जाने के दौरान अवैध पार्किंग के कारण विवादों की स्थिति बीच सड़क पर बनती है तथा यातायात थम जाता है। जिससे जाम के हालात बनते हैं। कई बार उक्त संबंध में समाचारों का प्रकाशन हरिभूमि द्वारा किया जा चुका है।

लेकिन बैंकों के प्रबंधन, ग्राहक सुविधा केंद्र संचालकगण एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते समस्या दिनों दिन बढ़ रही है। नागरिकों ने समस्या के समाधान की अपेक्षा प्रशासन सहित बैंकों व ग्राहक सुविधा केंद्रों के प्रबंधनों से की है।

रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक की सड़क खस्ताहाल, कांग्रेस करेगी आंदोलन

वाहनों की सतत आवाजाही से दिनभर क्षेत्र में धूल उड़ती है जिससे नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस तक का मार्ग है। जिसकी हालत खराब है एवं नागरिकों में रोष है। अब मामले में कांग्रेस प्रदर्शन की तैयारी कर रही है।

कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के नर्मदापुरम् जिलाध्यक्ष सोहागपुर निवासी ऋषभ दीक्षित ने बताया कि उक्त मार्ग से दिनभर हजारों लोगों का आना जाना होता है। लेकिन मार्ग में गड्ढे हो गए हैं एवं डामर उखड़ गया है। वाहनों की सतत आवाजाही से दिनभर क्षेत्र में धूल उड़ती है। जिसके कारण आसपास के दुकानदार एवं रहवासी श्वांस पीड़ित होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार आग्रह के बाद भी सुधार नहीं हो सका है।



अब कांग्रेस करेगी आंदोलन

ऋषभ दीक्षित ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि उक्त सड़क में भ्रष्टाचार हुआ है। क्योंकि निर्माण के दो वर्ष बाद ही सड़क उखड़ने लगी है तथा धूल ही धूल का माहौल नियमित बनता है। अतः उक्त सड़क के सुधार के साथ-साथ ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग को लेकर आगामी सप्ताह में कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा। ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोति, प्रखर शर्मा, अर्पित तिवारी, भास्कर मांझी, देवांक सराठे आदि ने बताया कि सड़क में हुए भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए कांग्रेस क्रमिक प्रदर्शन तथा आंदोलन कार्यक्रम करेगी। जिसकी शुरुआत धरने से होगी।

व्यापारी संगठन ने किया दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन, शामिल हुए अनेक व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से मंगलवारा धर्मशाला में ग्रेन सीड्स एंड दाल मर्चेंट एसोसिएशन के द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया।इस विषय में नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोपाल गांगुडा ने बताया कि पिपरिया क्रषि उपज मंडी की स्थापना से लेकर अभी तक लगभग 50 वर्षों से प्रत्येक दीपावली पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है। लेकिन पूर्व में सिर्फ व्यापारी वर्ग के लिए ही कार्यक्रम आयोजित किया जाता था। लेकिन विगत 30 वर्षों से देखा गया है।कि अब इस कार्यक्रम को सार्वजनिक रूप से मनाया जाता है।अब सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिक राजनीतिक दलों के नेताओं को



शामिल किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी माधवदास अग्रवाल पवन वालिया गौ रक्षणी सभा के अध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल श्याम सुंदर सोनी लखन आनंदानी मनीष शाह संजीव दुबे सुजीत पटवा पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल आदित्य पलिया श्याम सुंदर हुरकट ममता मनोज नागोत्रा उदय सिंह राजपूत सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों मीडिया मेंन किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।एक दुसरे को गले मिलकर बधाई शुभकामनाए दी गई। स्नेह भोज पर आमंत्रित किया गया कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्रभाशंकर बसेड़िया का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ब्राह्मण समाज सोहागपुर के वरिष्ठ संरक्षक एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं प्रशांत बसेड़िया तथा आशीष बसेड़िया के पूज्य पिताजी प्रभाशंकर जी बसेड़िया का रविवार दोपहर गोलोकगमन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को जमनी मुक्तिधाम सोहागपुर में किया गया। इसके पहले सोमवार सुबह लगभग 10 बजे स्वर्गीय बसेड़िया की अंतिम यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। लगभग 80 वर्षीय स्वर्गीय बसेड़िया की अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में नागरिक सम्मिलित हुए एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुत्रों प्रशांत बसेड़िया व आशीष बसेड़िया ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय प्रभाशंकर बसेड़िया जवाहरलाल नेहरू स्मृति विद्यालय सोहागपुर में प्राचार्य पद पर भी कार्यरत रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा में उनके सभी पुराने विद्यार्थी एवं बसेड़िया परिवार के करीबी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.

महेश बजे आ. टी.सी.बजे निवासी अशोका गार्डन मुम्बई (महाराष्ट्र)

..... आवेदक

//विरूद्ध//

1. विग इंडिया फार्मस प्रा.लि. की ओर से अधिकृत श्री संजय सक्सेना आ. सुरेशदयाल सक्सेना निवासी पटैल नगर कॉलोनी भोपाल
2. मोजेक लीजुरस प्रा. लि. की ओर से अधिकृत श्री जगदशीप्रसाद शर्मा निवासी भोपाल 3. निखलेश नरेन्द्र पंत आ. नरेन्द्र दिवाकर पंत निवासी शिव नगदी पुणे (महाराष्ट्र) 4. दीपक गुप्ता आ. कन्हैयालाल गुप्ता निवासी गुडगाव (हरियाणा) 5. रामा अय्यर आ. के. रामा अय्यर निवासी तीन हाथ नाका के पास थाने मुम्बई .....

अनावेदकगण

रा.प्र.क्र. 003/अ-12/2026-27

मौजा - छेडका तह. सोहागपुर जिला- नर्मदापुरम

// सूचना पत्र //

(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.सहिता)

आपको -विग इंडिया फार्मस प्रा.लि. की ओर से अधिकृत श्री संजय सक्सेना आ. सुरेशदयाल सक्सेना निवासी पटैल नगर कॉलोनी भोपाल, मोजेक लीजुरस प्रा. लि. की ओर से अधिकृत श्री जगदशीप्रसाद शर्मा निवासी भोपाल, निखलेश नरेन्द्र पंत आ. नरेन्द्र दिवाकर पंत निवासी शिव नगदी पुणे (महाराष्ट्र), दीपक गुप्ता आ. कन्हैयालाल गुप्ता निवासी गुडगाव (हरियाणा), रामा अय्यर आ. के. रामा अय्यर निवासी तीन हाथ नाका के पास थाने मुम्बई को इस सार्वजनिक सूचना से सूचित किया जाता हैं कि आवेदक महेश बजे आटीसी बजे निवासी मुम्बई द्वारा ग्राम छेडका स्थित भूमि ख.न. 71/2/2 रकबा 2.023 हे. भूमि के नक्शा बटांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदित भूमि की सीमाएं आपकी भूमि से लगी हुई है प्रस्तावित नक्शे में आपकी भूमि की सीमाएं प्रभावित तो नहीं हो रही है। अतः उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 17/11/2026 तक आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करें। उक्त पेशी दिनांक के पश्चात् कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी । आज दिनांक 02/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
सोहागपुर जिला नर्मदापुरम्

बागलखेड़ी में हुआ आयोजन

शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बागलखेड़ी में शुक्रवार को मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग द्वारा संचालित "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026" के अंतर्गत शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुईं।

कार्यक्रम में सांसद श्रीमती नारोलिया ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण परिवारों को उनके आवास का वैधानिक स्वामित्व अधिकार प्रदान कर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों के वर्षों पुराने सपने को साकार किया जा रहा है और उन्हें उनके अधिकारों का कानूनी संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के हित में लगातार काम कर रही है और स्वामित्व योजना उसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है।

बिजली विभाग की मनमानी: अधिकारियों के घरों में स्मार्ट मीटर गायब, आम जन पर दबाव, एसडीएम ने घटवाए आधे बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की पिपरिया इकाई में व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही हैं। एक तरफ जहां शासन और वरिष्ठ अधिकारियों के स्पष्ट निर्देश थे कि स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत सबसे पहले बिजली विभाग के अधिकारियों के आवासों से होगी, उसके बाद शासकीय कार्यालयों और अंत में आम उपभोक्ताओं के यहां यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी, वहीं पिपरिया में इसके ठीक विपरीत हो रहा है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभाग के स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों के घरों में अभी तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए हैं, जबकि मध्यम और निम्न वर्ग के आम उपभोक्ताओं पर



जबरन मीटर लगवाने के लिए भारी दबाव बनाया जा रहा है।

क्षेत्र में लगातार आ रहे भारी-भरकम बिजली बिलों से परेशान आम नागरिक मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान के समक्ष अत्यधिक बिजली बिलों की शिकायतों को लेकर कई आवेदन आए। जब इस मामले में उपमहाप्रबंधक से जवाब तलब किया गया, तो वे कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम आकिप खान ने मौके पर ही कई उपभोक्ताओं के बिजली बिलों की राशि आधे से भी कम कर दी, जिससे जनता को कुछ राहत मिली। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व के समय भी पिपरिया क्षेत्र में बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार बिजली कटौती की जा रही है। एक तरफ विभाग द्वारा सुबह से शाम तक रोजाना मेंटनेंस किए जाने का दावा किया जाता है, वहीं दूसरी तरफ बिजली सप्लाई में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। इसके अलावा, आउटसोर्स कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरणों के ही पोल पर चढ़कर जोखिम भरे कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

समय पर ट्रांसफार्मर न मिलने से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। नाम न छापने की शर्त पर कुछ कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि ट्रांसफार्मर वितरण से लेकर बिजली कटौती और भारी-भरकम बिलों तक के मामलों में उच्च स्तर पर मिलीभगत है और वे केवल आदेशों का पालन कर रहे हैं। इस पूरी अफ़रा-तफ़री और जनसमस्याओं पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है।

इस पूरे मामले पर जब उपमहाप्रबंधक/कार्यपालन अधिकारी से बात की गई, तो उनका कहना था कि उनकी पदस्थापना अभी नई है और उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि इस तरह के कोई आदेश जारी हुए हैं, तो उनका पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के 6 विजेता पशुपालक सम्मानित

गुप्तेश्वर गौशाला में जिला स्तरीय कार्यक्रम में किया गोवर्धन पूजन, गौमाता को अर्पित किया गोग्रास



गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत वृंदावन ग्रामों में आयोजित दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सोमवार को जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम चारूवा, हरिपुरा स्थित श्री गुप्तेश्वर गौशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन भगवान का पूजन एवं आरती की तथा गौ-माता का पूजन भी किया गया। उन्होंने गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गुड़ एवं मिष्ठान इत्यादि खिलाया, साथ ही गौशाला परिसर में आम व नीम का पौधा रोपा गया। कार्यक्रम में गौशालाओं में कार्यरत गौ-सेवकों व गौ-प्रेमियों का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ.आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जनपद अध्यक्ष खिरकिया रानू दशरथ पटेल, जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, कृषि समिति के सभापति ललित पटेल, उप संचालक पशु चिकित्सा अजय रामटेके सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति के महत्व को समझाती है। गौमाता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। गाय के दूध, गोबर और गोमूत्र से अनेक उपयोगी उत्पाद तैयार किए जाते हैं। गौमाता का संरक्षण और उनसे प्राप्त उत्पादों का सदुपयोग प्रकृति एवं समाज दोनों के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि आज गोवर्धन पूजा का दिन है और गाय की पूजा करने से ब्रह्म लोक की प्राप्ति होती है। अगर घर में नकारात्मक प्रभाव रहता है, तो गौमाता के गोमूत्र के छिड़काव से नकारात्मक प्रभाव समाप्त हो जाता है। उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिज्ञा ली है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने यह भी मंशानुसार गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेश की सभी गौशालाओं में पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति गौशालाओं से जुड़े, उनकी व्यवस्थाओं को समझे और गौसेवा में अपनी सहभागिता निभाएं।

वृंदावन ग्राम सोडलपुर और मगरधा में दुग्ध प्रतियोगिता संपन्न

मुख्यमंत्री ने डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि का अंतरण किया



वृंदावन ग्राम सोडलपुर एवं मगरधा में 27 से 31 अक्टूबर, 2026 तक दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में सर्वाधिक दूध उत्पादन करने वाली गायों के पशुपालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सभी विजेताओं के बैंक खातों में पुरस्कार राशि एकमुश्त डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। इस दौरान वर्चुअल कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले 6 पशुपालकों को सम्मानित किया।प्रतियोगिता में जिलें के वृंदावन ग्राम सोडलपुर एवं मगरधा में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली 3 - 3 गायें चयनित हुई। प्रतियोगिता में जिले के टिमरनी विधानसभा के वृंदावन ग्राम सोडलपुर के प्रेम नारायण की गिर गाय 10.897 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर ग्राम सोडलपुर के अशोक प्रजापति की मालवी गाय 8.403 लीटर प्रतिदिन तथा तृतीय स्थान पर ग्राम सोडलपुर की हनुमान दास की गिर गाय 8.019 लीटर प्रतिदिन रही। प्रतियोगिता में हरदा विधानसभा के वृंदावन ग्राम मगरधा के पारस मीना की सहिवार गाय 10.993 लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर ग्राम मगरधा के रामकृष्ण गौर की सहिवार गाय 7.584 लीटर प्रतिदिन तथा तृतीय स्थान पर ग्राम मगरधा के सदाशिव गौर की सहिवार गाय 7.261 लीटर प्रतिदिन रही। इसी प्रकार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप प्रशिस्त पत्र प्रदान किए गए।

अधिकारियों को निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर कुमार सत्यम ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक जांच कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा शैलेन्द्र बड़ोनिया, एसडीएम टिमरनी असवनराम चिरामन, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं अशोक डेहरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम धनगांव निवासी मुकेश बड़ौदिया ने गैस रिफिलिंग के बाद सिलेंडर से गैस नहीं आने की शिकायत की। इस पर खाद्य अधिकारी हरदा को समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार हरदा निवासी गजानंद बांके ने अपना गैस कनेक्शन बालाजी गैस एजेंसी से श्री साईंनाथ गैस एजेंसी में स्थानांतरित कराने के संबंध में आवेदन दिया। इस पर भी खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। हरदा निवासी उमा बाई एवं विक्रम चंदेवा ने अधिक विद्युत बिल आने की शिकायत की। इस पर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। ग्राम रान्याखेड़ी निवासी मायाबाई ने खेत तक आवागमन के रास्ते की मांग की। इस पर तहसीलदार हरदा को जांच कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। सिराली निवासी रियाज खान ने नल-जल योजना के तहत पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह ग्राम मोहनपुर निवासी राधाबाई ने सीमांकन, कब्जा दिलाने एवं नक्शा दुरुस्त कराने की मांग रखी। इस पर तहसीलदार हरदा को प्रकरण की जांच कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

खिरकिया की श्री गौरी राधे गौशाला में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, गौमाता को लगा 56 भोग



खिरकिया। सनातन संस्कृति और गो-सेवा की एक बेहद खूबसूरत और मनमोहक तस्वीर मध्य प्रदेश के खिरकिया से सामने आई है। यहाँ के प्रसिद्ध श्री गौरी राधे गौशाला में गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव के पावन अवसर पर भक्ति का ऐसा रंग बिखरा कि हर कोई भावविभोर हो उठा। गौशाला परिसर में न केवल पारंपरिक विधि-विधान से गोवर्धन पर्वत की पूजा की गई, बल्कि साक्षात श्रीकृष्ण का रूप मानी जाने वाली गोमाता को अलौकिक 56 भोग और महाभोग लगाया गया। जयकारों से गूंजा आसमानः जय गौमाता-जय गोपाल और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के गगनभेदी जयकारों के साथ पूरा खिरकिया क्षेत्र धर्ममय हो गया। गोमाता का अनूठा श्रृंगारः माँ स्वरूप गायों का विशेष तिलक और पूजन कर उन्हें छप्पन प्रकार के पकवान, फल और मिष्ठान परोसे गए। संस्कृति और सेवा का संगमः आयोजन समिति ने बताया कि इस भव्य उत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज में बेसहारा, बीमार और घायल गोवंश की रक्षा और सेवा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अलौकिक आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में मातृशक्ति और धर्मप्रेमी जनता मौजूद रही, जिन्होंने गोमाता की आरती उतारकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

बुरहानपुर में टीवी शोरूम में लगी आग, युवक अंदर फंसा



बुरहानपुर। शहर के इकबाल चौक में पुलिस कंट्रोल रूम के सामने सुपर टीवी शोरूम में रविवार रात करीब 10:40 बजे आग लग गई। शोरूम के ऊपर रह रहा परिवार आग लगते ही बाहर निकल आया। एक युवक अंदर फंस गया था, जिसे स्थानीय लोगों ने दमकल की सीढ़ी से बाहर निकाला। फिलहाल आग लगने की वजह पता नहीं चल सकी है। शोरूम विनोद शंखपाल का है, जहां टीवी और इलेक्ट्रिक सामान मिलता है। सूचना मिलने पर नगर निगम की दमकल टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में मदद की। पुलिस ने आसपास की 4 दुकानों को खाली कराया। आग पड़ोस के एक मकान तक भी पहुंच गई थी। मौके पर मौजूद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। रात रात 3 बजे तक बजे तक 20 से ज्यादा दमकल गाड़ियां मौके पर थीं और आग बुझाने का काम जारी था। संचालक मनोज शंखपाल के मुताबिक पौने दो करोड़ का माल भरा हुआ था। जो पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

संत सेवालाल महाराज गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम आयोजित

गोवर्धन पूजा प्रकृति और गौवंश संरक्षण का प्रतीक : चिटनिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

दीपावली के अवसर पर जनपद पंचायत बुरहानपुर के ग्राम डोंगरगांव स्थित श्री संत सेवालाल महाराज गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम हुआ। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भगवान गोवर्धन एवं गौमाता का विधि-विधान से पूजन कर प्रदेश व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक मंजू दादू, कलेक्टर विवेक कुमार ने गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत गौसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गौपालकों को



सम्मानित किया।

इस अवसर पर चिटनिस ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और गौवंश के संरक्षण का पर्व है। भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान है। गौवंश का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक परंपरा के साथ ही कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश की गौशालाओं में हो रहे ये कार्यक्रम गौसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौसेवा पूजा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उन्होंने सेवाभावियों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल जुड़कर कार्यों की सराहना की

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक मंजू दादू, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, कलेक्टर विवेक कुमार, एसपी आशुतोष बागड़ी, जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सांसद की मौजूदगी में रेल लाइन का संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



शिवाजी नगर और चिंचाला के 20 हजार से अधिक रहवासियों की एक दशक पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में मंगलवार को बड़ा कदम उठा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर माधुरी अतुल पटेल, कलेक्टर विवेक कुमार की मौजूदगी में रेलवे और जिला प्रशासन की टीम ने शिवाजी नगर अंडरपास, प्रस्तावित तीसरी-चौथी रेल लाइन और स्टेशन विस्तार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण में रेलवे के उप मुख्य अभियंता जे.डी. सिंग, सहायक मंडल अभियंता एच.ओ. मीना सहित इंजीनियरों की टीम मौजूद रही। टीम ने अंडरपास की संभावना, रेल लाइन के प्रस्तावित मार्ग, प्रभावित मकानों, स्टेशन और प्लेटफॉर्म विस्तार की संभावनाओं का मौके पर जायजा लिया और नपती कर तकनीकी जानकारी जुटाई। सांसद पाटील ने कहा, विकास में आम नागरिकों की सुविधा सर्वोपरि है। प्रभावित परिवारों को नियमानुसार उचित मुआवजा मिले, इसका ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि सांसद ने भुसावल और नागपुर की रेलवे बोर्ड बैठकों में यह मुद्दा उठाया था। 27 अक्टूबर को डीआरएम ने, 28 और 30 अक्टूबर को इंजीनियरिंग टीम ने स्थल परीक्षण किया था। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से नागरिकों को चिंचाला की ओर पुलिया के नीचे से गुजरना पड़ता है। बारिश में पांढारोल नाले में पानी भरने से रास्ता बंद हो जाता है, फायर ब्रिगेड तक नहीं पहुंच पाती। अंडरपास बनने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

महिलाओं ने गोवर्धन पर्वत की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गोवर्धन पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में मंगलवार को गोवर्धन पूजा का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने गोवर्धन पर्वत की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सुबह से ही पूजा की तैयारियां शुरू हो गई थीं। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं को नहलाकर और सजाकर उनकी पूजा की गई।

शहर के गोलापुरा मोहल्ले में महिलाओं ने घरों के मुख्य द्वार पर गोबर से गोवर्धन पर्वत और भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनाई। इसके बाद उन्हें पारंपरिक तरीके से सजाया। महिलाओं ने



सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा लगाई। इस दौरान फूल, रोली, चावल और अन्य पूजा सामग्री अर्पित की गई। ग्रामीण इलाकों में भी गोवर्धन पूजा की परंपरा निभाई गई। मंगलवार को पड़वा पर ग्रामीणों ने मवेशियों को नहलाकर उनके शरीर पर रंग-बिरंगे छापे लगाए और सजाया। इसके बाद घर की दहलीज पर जलाई गई आग के ऊपर से मवेशियों को निकाला गया। ग्रामीणों की मान्यता है कि ऐसा करने से मवेशी पूरे साल स्वस्थ रहते हैं और उन्हें बीमारियां नहीं होतीं। यह परंपरा गांवों में पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जा रही है। गोवर्धन पूजा को प्रकृति, गौवंश और अन्न के प्रति आभार जताने का पर्व माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में घरों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की गई। शाम को गोवर्धन भगवान को जगाने की परंपरा भी निभाई जाएगी।

ईछावपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए 3.13 करोड़ मंजूर



बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के प्रयासों से ईछावपुर को बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने ईछावपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र को 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन के लिए 3 करोड़ 13 लाख 33 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। टेंडर भी जारी हो गए हैं। स्वीकृति के अनुसार भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 99 लाख 84 हजार, बायोमेडिकल उपकरणों के लिए 11 लाख 59 हजार और अस्पताल फर्नीचर के लिए 1 लाख 90 हजार रुपये का प्रावधान है। इससे ईछावपुर सहित आसपास के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज मिलेगा और दूर जाने की जरूरत कम होगी। चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला का आभार जताया। उन्होंने कहा, हर नागरिक को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देना उनकी प्राथमिकता है।

महिलाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति से पहली बार शांति से मनी दीवाली, मिल-जुलकर फोड़े पटाखे

शराबबंदी की मिसाल : बांयखेड़ा में न हंगामा था, न गाली-गलौज, न मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

कहावत है, जब इरादे नेक हो तो मंजिल मिल ही जाती है, जिसे बांयखेड़ा गांव में नारी-शक्ति ने वो कर दिखाया, जो लंबे समय से आबकारी और पुलिस-प्रशासन नहीं कर पाया था। वहां महिलाओं की दृढ़-इच्छा शक्ति ने शराबबंदी को लेकर जो संकल्प लिया था, उसका असर इस दीवाली पर साफ दिखाई दिया। इस गांव में वर्षों बाद न शराबियों का हंगामा था, न गाली-गलौज, न मारपीट और सब कुछ बदला हुआ नजर आ रहा था। इस गांव में किराना-दुकानों और कई घरों में शासकीय देशी-विदेशी और कच्ची शराब खुलेआम बिक्र रही थी। जिससे पूरे गांव और परिवारों की शांति छीन गई थी और त्रस्त महिलाओं ने इस अवैध-कारोबार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। पहले तो वे थाना चैनपुर (झिरन्या) पहुंची, फिर उन्होंने आपस में चन्दा कर किय पीकअप से सितंबर की शुरुआत में खरगोन पहुंच गई। उन्होंने जनसुनवाई में प्रशासन,पुलिस अधीक्षक,जिला आबकारी कार्यालय में उप निरीक्षक सार्थक वर्मा और एसडीएम को अपनी पीड़ा बताई थी।



बंद हुए लड़ाई-झगड़े और हंगामें

महिलाओं में रुक्मिणी मोरे, सेवंतीबाई, बंशीबाई, भागवतबाई ने बताया कि पहले गांव में शराब को लेकर रोज लड़ाई-झगड़े होते थे। गली-मोहल्लों में शराबियों की हरकतों से ग्रामवासी त्रस्त थे। महिलाओं, बहुओं और बच्चों के साथ मारपीट की घटनाएं आम थीं और सभी का सुख-चैन छीन गया था। अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है और अब वर्षों बाद गांव में सद्भाव,सम्मान और परिवारों में आपसी-प्रेम की भावना बढ़ने से खुशनुमा माहौल है। सरपंच कस्तुरीबाई, उपसरपंच रामू दांगोड़े,गंगाधर मोरे, जगदीश, रमेश, बबलू ने बताया कि पहले गांव की चौपाल पर लड़ाई-झगड़ा और हंगामे की आवाज सुनाई देती थी। अब चौपाल पर झगड़े नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा एवं सामाजिक एकता पर विचार-विमर्श होता है। जबकि गांव की समस्याओं एवं विकास,खेती-बाड़ी, सूखे से पैदावार में कमी और रबी फसल बुआई आदि चर्चा का मुख्य केंद्र होती है।

भयमुक्त हुए बच्चे, लिया पटाखों का आनंद

महिलाओं में रामप्यारी बाई, गंगाबाई, पार्वतीबाई, कंचनबाई के अनुसार पहले बच्चे और युवा शराबी परिजनों से डरते थे। दीवाली पर भी घर में डर का माहौल रहता था। इस बार ऐसा नहीं हुआ। बच्चों और युवकों ने भयमुक्त होकर पटाखे फोड़े। महिलाओं का कहना है कि इस बार की दीवाली उनके लिए सबसे यादगार रही और गांववासियों ने आपस में मिल-जुलकर पर्व मनाया। महिलाओं में देवका बाई, संगीता बाई, मुन्नी बाई, छाया बाई, मांगी बाई, सीता बाई, जानकी बाई का कहना है कि झिरन्या, बलखड़,गोरखपुर और आसपास फलियों से लोग पीकर आ रहें हैं। वे अब कम पीने लगे हैं,झगड़े नहीं होते और वे खाना खाकर चुपचाप सो जाते हैं। जब भी कोई अन्य गांव से पीकर आता है, तो आते-आते ही उसका नशा कम हो जाता है और वे गांव के शांत माहौल को देखकर वे भी चाहते हैं कि हम पूरी तरह ही शराब बंद कर दें। पहले शराब के कारण गांव में निरंतर मौतें हो रही थीं। महिलाओं में जमनाबाई, बुद्धि बाई, पारू बाई, मीरा बाई, जतन बाई ने बताया कि पिछले वर्षों में शराब से एक दर्जन से अधिक अकाल मौतें हो चुकी है। जबकि शराबी पतियों को छोड़कर कई महिलाएं मायके चली गई। अब उन घटनाओं पर विराम लग गया है। शराबी पतियों की मृत्यु के बाद विधवा महिलाएं गांव में अथवा मायके में बच्चों को संभाल रही हैं और वे इस मुहिम में सबसे आगे हैं। महिलाओं के दबाव के बाद किराना दुकानों और गांव में शराब की बिक्री बंद हो गई है। लेकिन कहीं चोरी-छुपे शराब बिक्री की सूचना मिलती है तो वहां सभी महिलायें हल्ला बोलकर, उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर देंगी। फिर सामाजिक पंचायत का तयशुदा 50 हजार का जुर्माना भी वसूलेंगे। जबकि सभी शराब-बिक्री नहीं करने की सहमति दे चुके हैं। आबकारी उप निरीक्षक सार्थक वर्मा और थाना प्रभारी गणपत कनेल ने बताया कि उक्त गांव में सतत निगरानी रखी जा रही है और शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।